वासुदेव बनाम सरकार
मुकदमा संख्या–03/11/2025

# न्यायालय
## उपखण्ड अधिकारी/सहायक कलेक्टर राजगढ(अलवर)
(पीठासीन अधिकारी श्री हरकेश मीना आर.ए.एस.)

प्रार्थना संख्या :–03/11/2025 आनलॉईन नम्बरः–2025/87 प्रवेश तिथि–28.04.2025

1. वासुदेव सिंह पुत्र मूलसिंह चारण जाति चारण निवासी 518 विश्वामित्र मार्ग सिरसी मार्ग खातीपुरा जयपुर। .............प्रार्थी

बनाम्

1. तहसीलदार महोदय टहला तहसील टहला जिला अलवर .............अप्रार्थी

उपखण्ड अधिकारी राजगढ़ जिला-अलवर सत्यमेव जयते

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128
राज0 भू–राजस्व अधिनियम 1956
उपस्थितः– श्री मनीष दीक्षित एड0–प्रार्थी

दिनांक 07/05/2025

–:निर्णयः–

1. आज यह पत्रावली वास्ते निर्णय पेंश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 काश्तकारी अधिनियम के तहत इस न्यायालय में पेश कर निवेदन किया की प्रार्थी की आराजी खाता संख्या 128 खसरा संख्या 381/1.00, 381/503/1.2600, 436/0.0100 कुल किता 3 कुल रकबा 2.27 वाके ग्राम रूपबास तहसील टहला जिला अलवर में अवस्थित है जिस पर प्रार्थीगण काबिज होकर काश्त करता चला आ रहा है। यह है कि आराजी के खसरा संख्या 381/1.00, 381/503/1.2600, वाके ग्राम रूपबास तहसील टहला जिला अलवर का मौके पर सीमांकन नही होने से प्रार्थी द्वारा सीमांकन कराये जाने बाबत तहसीलदार टहला के यहा प्रार्थना पत्र पेश किया जिस पर तहसीलदार टहला द्वारा संबंधित पटवारी को पैमाईश के आदेश दिये जिस पर पटवारी हल्का द्वारा दिनांक 12.10.2023 को मौके पर उपस्थित होकर उक्त आराजी का सीमांकन कराकर निशान देही कराई गई। पुष्टि में रिपोर्ट पैमाईश संलग्न है। अब प्रार्थी मुताबिक पैमाईश रिपोर्ट दिनांक 12.10.2023 के आधार पर आराजी की पत्थरगढी कराना चाहता है। अतः में प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढी तहसीलदार टहला पैमाईश दिनांक 12.10.2023 के अनुसार आराजी के खसरा संख्या 381/1.00, 381/503/1.2600, वाके ग्राम रूपबास तहसील टहला जिला अलवर कराये जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया।

2. प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर तहसीलदार टहला से रिपोर्ट तलब कि गई। तहसीलदार टहला के पत्रांक क्रमांक/भू.अ./2025/827 दिनांक 01.05.2025 रिपोर्ट प्रेषित की गई जो शामिल मिशल है।

3. बहस वकील प्रार्थी की सुनी गई। दौरान–ए–बहस प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यो को दौहराते हुये प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार कर आराजी की मुताबिक पैमाईश दिनांक 12.10.2023 व तहसीलदार की रिपोर्ट दिनांक 01.05.2025 के अनुसार पत्थरगढी के आदेश जारी करने का निवेदन किया तथा पुष्टि में जमाबंदी सम्वत् 2070 से 2075 खाता संख्या–128 वाके ग्राम रूपबास तहसील टहला जिला अलवर की नकल पेंश की।

उपखण्ड अधिकारी, राजगढ़
जिला–अलवर

4. बहस वकील प्रार्थी पर मनन किया। पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली पर उपलब्ध जमाबंदी सम्वत् 2070 से 2075 खाता संख्या 128 वाके ग्राम रूपबास तहसील टहला जिला अलवर के अंकित इन्द्राज के अनुसार आराजी विवादित प्रार्थी की खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाईश दिनांक 12.10.2023 व तहसीलदार टहला की रिपोर्ट दिनांक 01.05.2025 से भी यह तथ्य प्रार्थी साबित है कि प्रार्थी द्वारा तहसीलदार टहला के माध्यम से हल्का पटवारी से दिनांक 12.10.2023 को विवादित आराजी के खसरा संख्या 381/1.00, 381/503/1.2600, वाके ग्राम रूपबास तहसील टहला जिला अलवर की पैमाईश कराई जा चुकी है।

**राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 111 व 128 निम्न प्रकार है :–**

**Sec. 111. Decision of disputes as to boundaries (1) In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.**

**(2) if in the course of an inquiry into a dispute under this section, the land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or if it is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within a period of three months previous to the commencement of the inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.**

**Sec. 128. Boundary disputes.-** All disputed concerning bound-aries shall be decided by the land Records Officer in the manner laid down in section 111.

इसलिये प्रार्थी को अपनी आराजी की सुरक्षा हेतु पत्थरगढी के आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

*आदेश है कि*

*प्रार्थना पत्र प्रार्थी अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 में आराजी खाता संख्या 128 खसरा संख्या 381/1.00, 381/503/1.2600, वाके ग्राम रूपबास तहसील टहला जिला अलवर स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार टहला को आदेश जारी किये जाते है कि वो अपनी उपस्थिति में प्रार्थी के खर्चे पर पक्षकारान की उपस्थिति में विवादित आराजी की पुनः पैमाईश कर धारा 111 में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार पत्थरगढी कराने की कार्यवाही करें। तहसीलदार टहला को पालना हेतु निर्णय प्रति भिजवाई जावें।*

*निर्णय आज दिनांक 07/05/2025 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।*
*पत्रावली नम्बर से कम होकर बाद पूर्ति जमा लेख भंडार हो।*

(हरकेश मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी राजगढ
जिला–अलवर

उपखण्ड अधिकारी राजगढ़ जिला-अलवर
सत्यमेव जयते

सेवामें,

श्रीमान तहसीलदार महोदय

तहसील - टहला

विषय :- अनुमान वासुदेव बनाम तहसीलदार उ.प. 03/11/2025 धारा 126 रिपोर्ट विन्दुवार निम्न प्रकार है।

प्रसंग :- श्रीमान जी का पत्र क्रमांक/भू.अ./2025/795 दिनांक 26-04-2025

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि उपरोक्त पत्र कि धारा 126 कि रिपोर्ट विन्दुवार निम्न प्रकार है :-

1. ग्राम रूपनाथ के आराजी खसरा संख्या 361 रकबा 1.00 है, 361/503 रकबा 1.26 536 रकबा 0.01 वासुदेव सिंह पुत्र भूलसिंह धारण हि. पूर्व जाति चारण (चारण) 38 विश्वामित्र मार्ग, सिरसी मार्ग, खातीपुरा जयपुर खातेदार दर्ज रिकार्ड है।

2. ग्राम रूपनाथ के आराजी खसरा संख्या 361 रकबा 1.00 है, 361/503 रकबा 1.26 है कृषि का सीमाज्ञान दिनांक 12-10-2023 को श्रीमान तहसीलदार साहब टहला द्वारा गठित टीम द्वारा किया जा चुका है।

3. श्रीमान जी ग्राम रूपनाथ के आराजी खसरा संख्या 361/503 रकबा 1.26 है खसरा 361 रकबा 1.00 है कृषि मौके पर खाली है।

अतः श्रीमान जी को धारा 126 कि रिपोर्ट सादर प्रेषित है।

पटवारी
हल्का
प० ......

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) टहला (अलवर) राज.
क्रमांक भू.अ./2025/827 दिनांक 01/05/25

श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय राजगढ़ (अलवर) को रिपोर्ट सादर प्रेषित है।

तहसीलदार (भू० अ०)
टहला (अलवर)

RA
1/5/25